

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)
BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)
शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

16 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 16 अक्टूबर का इतिहास

- **1757 :** ऑस्ट्रिया की सेना ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन पर कब्जा किया।
- **1905 :** लार्ड कर्जन द्वारा बंगाल का प्रथम विभाजन हुआ।
- **1982 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **1959 :** राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना की गई।
- **1968 :** हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- **1994 :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी गणेश घोष का निध हुआ।

## 16 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2025 तक बढ़कर लगभग 13 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक उपग्रह प्रक्षेपण सेवा खंड में सबसे तेज वृद्धि होगी और इसमें निजी भागीदारी भी बढ़ेगी। भारतीय अंतरिक्ष संघ और अर्न्स्ट एंड यंग द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग के कारण देश में उपग्रह विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों को शामिल करने से इस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्टअप को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।
- फीफा ने एआईएफएफ के साथ मिलकर भारत में स्कूलों के लिए फुटबॉल अभियान शुरू किया। यह अभियान भारत के 700 जिलो में शुरू किया जाएगा और इसे लागू करने के लिए नवोदय विद्यालय समिति नोडल एजेंसी होगी। इसका मुख्य उद्देश्य लगभग 700 मिलियन बच्चों की शिक्षा, विकास और सशक्तिरकण में योगदान देना है।
- ए बालासुब्रमण्यम को एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अध्यक्ष और राधिका गुप्ता को उद्योग निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के अध्यक्ष के रूप में ए बालासुब्रमण्यम AMFI वित्तीय साक्षरता समिति के पदेन अध्यक्ष के रूप में भी बने रहेंगे। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष 28वीं एजीएम के समापन तक पद पर बने रहेंगे।
- हीरो मोटोकॉर्प ने अपना मोस्ट अवेटेड इलेक्ट्रिक स्कूटर विडा V1 लॉन्च किया है। कंपनी इसे दो वैरिएंट विडा V1 प्रो और विडा V1 प्लस में लॉन्च किया गया है। इसकी शुरुआत एक्स-शोरूम कीमत 1.45 लाख रूपये है। भारतीय बाजार में इसका सीधा मुकाबला ओला इलेक्ट्रिक, एथर एनर्जी, TVS आईक्यूब और बजाज चेतक से होगा। कंपनी का कहना है कि अपने-अपने सेगमेंट में कई बेहतरीन फीचर्स से लैस है। इसमें टच स्क्रीन डिस्प्ले, क्रूज कंट्रोल, कीलेस कंट्रोल और अलॉय व्हील जैसे फीचर्स दिए हैं।
- पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया विज्ञान भारती के सहयोग से वर्तमान में लाइफ लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के तहत अग्नि तत्व पर जागरूकता पैदा करने हेतु एक अभियान चला रहा है।
- यूरोपीय संघ की संसद द्वारा पारित एक नए कानून के अनुसार सभी नए स्मार्टफोन, टैबलेट और कैमरों में 2024 के अंत से एक ही मानक चार्जर होगा। कानून को पक्ष में 602 वोट और 13 के खिलाफ वोट के साथ अपनाया गया था। यह स्मार्टफोन, लैपटॉप और कैमरा निर्माण कंपनियों को कम से कम यूरोप में एक मानक चार्जर अपनाने के लिए बाध्य करता है। नए यूरोपीय संघ के कानून में कहा गया है कि सभी नए स्मार्टफोन, टैबलेट और कैमरे में एक ही स्टैण्डर्ड चार्जर होगा।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने साल 2024 से पहले यूपी को पांच लाख करोड़ रूपये की सड़क परियोजनाएं देने की घोषणा की। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ इंडियन रोड कांग्रेस के 81वें अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए गडकरी ने यूपी के लिए 8 हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं की स्वीकृति भी दे दी। उन्होंने कहा कि 15 माह में यूपी की सड़कों का नेटवर्क अमेरिका के बराबर होगा।
- सरकार ने 24x7 सभी राज्यों में टेली मानसिक स्वास्थ्य सहायता और नेटवर्किंग (टेली-मानस) पहल शुरू की है। इसे 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए लॉन्च किया गया है और इसे आगे देश के अन्य हिस्सों में विस्तारित किया जाएगा। इसका उद्देश्य पूरे देश में लोगों को चौबीसों घंटे मुफ्त टेली मानिसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, विशेष रूप से दूरस्थ ओर वंचित क्षेत्रों को।
- बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री महाकाल लोक को बाबा महाकाल को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के उज्जैन में 856 करोड़ रूपये की महाकालेश्वर मंदिर कॉरिडोर विकास परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। उज्जैन में बना 900 मीटर से अधिक लंबा कॉरिडोर महाकाल लोक भारत में अब तक निर्मित ऐसे सबसे बड़े गलियारों में से एक है।
- गृह मंत्रालय के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा लाए गए सर्वेक्षण के अनुसार झारखंड में बालिकाओं का वयस्क होने से पहले विवाह करने का प्रतिशत 5.8 है। झारखंड और पश्चिम बंगाल देश के दो ऐसे राज्य हैं जहां आधी से ज्यादा महिलाओं की शादी 21 साल की उम्र से पहले कर दी जाती है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व खाद्य दिवस (World Food Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 अक्टूबर (B) 16 अक्टूबर
(C) 17 अक्टूबर (D) 18 अक्टूबर

**(B)** विश्व खाद्य दिवस हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। वर्ष 1981 से हर साल 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस उन लोगों के प्रति विश्व स्तर पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है, जो भूख से पीड़ित है और खाद्य सुरक्षा और पौष्टिक आहार की आवश्यक को सुनिश्चित करते हैं।



**2. विश्व एनेस्थीसिया दिवस (World Anaesthesia Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**

(A) 10 अक्टूबर (B) 12 अक्टूबर
(C) 14 अक्टूबर (D) 16 अक्टूबर

**(D)** विश्व एनेस्थीसिया दिवस हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगो को सर्जरी में एनेस्थीसिया के महत्वपूर्ण योगदान, उपलब्धि और एनेस्थीसिया की जरूरतों के प्रति जागरूक करना है। एनेस्थीसिया एक द्रव्य हैं इसका इस्तेमाल सर्जरी से पहले मरीज को बेहोश करने के लिए किया जाता है।



**3. फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 में भारत अपना पहला मैच किस देश के खिलाफ खेलेगा ?**

(A) यूएसए (B) मोरक्को
(C) ब्राजील (D) चीन

**(A)** भारत फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 में USA के खिलाफ भारत अपना पहला मैच खेलेगा। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रतिष्ठित कलिंग स्टेडियम में पहले दो मैच होंगे, जिसमें पहला मैच मोरक्को और ब्राजील के बीच और दूसरा मैच भारत और USA के बीच खेला जाएगा।




**4. हाल ही में 36वें राष्ट्रीय खेलों में किस राज्य की पूजा पटेल ने योगासन में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनी है ?**

(A) गुजरात (B) उत्तरप्रदेश
(C) हरियाणा (D) गोवा

**(A)** 36वें राष्ट्रीय खेलों में गुजरात की पूजा पटेल योगासान में स्वर्ण जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनी है। इस बार राष्ट्रीय खेलों में जो पांच नये खेल शामिल किए हैं उनमें एक योगासन है। इस भारतीय स्वदेशी खेल ने इस साल की शुरूआत में खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपनी शुरूआत की।




**5. हाल ही में फ्लेक्सी-फ्यूल स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर एक पायलट परियोजना की शुरूआत किसने की ?**

(A) रामनाथ कोविंद (B) मनोह सिंहा
(C) नितिन गडकरी (D) कमल सिन्हा

**(C)** हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फ्लेक्सी-फ्यूल स्ट्रॉंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर एक पायलट परियोजना की शुरूआत की। यह भारत में अपनी तरह की पहली पायलट परियोजना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु अतिरिक्त खाद्यान्न और चीनी को इथेनॉल में परिवर्तन करने के महत्व पर भी जोर दिया।

**6. भारत द्वारा आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के आतंकवाद विरोध अभ्यास में कौनसा देश भाग लेगा ?**

(A) अफगानिस्तान (B) पाकिस्तान
(C) इजराइल (D) म्यांमार

**(B)** पाकिस्तान ने पुष्टि की है कि वह भारत में शंघाई सहयोग संगठन के आतंकवाद विरोध अभ्यास में भाग लेगा। पाकिस्तान जो एससीओ का हिस्सा है। अक्टूबर में हरियाणा के मानेसर में आतंकवाद विरोधी अभ्यास में भाग लेगा। ये अभ्यास एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना के दायरे में आयोजित किए जाएंगे।




**7. दूसरी संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस भारत के किस शहर में आयोजित की जा रही है ?**

(A) मुंबई (B) बैंगलोर
(C) हैदराबाद (D) चेन्नई

**(C)** दूसरी संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक सूचना कांग्रेस संयुक्त राष्ट्र और विज्ञान ओर प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विभागो द्वारा हैदराबाद में आयोजित की जा रही है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हैदराबाद में द्वितीय संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थापित सूचना कांग्रेस 2022 को संबोधित करते हुए कही की भारत की भू-स्थानिक अर्थव्यवस्था के 2025 तक 12.8% की वृद्धि दर से 63,000 करोड़ रूपये को पार करने और इसके द्वारा मुख्य रूप से भू-स्थानिक स्टार्ट-अप्स के माध्यम से 10 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने की संभावना है।



**8. हाल ही में WADA एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट संगोष्ठी-2022 का आयोजन कहां किया गया ?**

(A) नई दिल्ली (B) आंध्रप्रदेश
(C) मुंबई (D) जम्मू-कश्मीर

**(A)** हाल ही में WADA एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट संगोष्ठी-2022 का आयोजन किया गया। ये तीसरी WADA ABP संगोष्ठी है और पहली बार भारत ने इसकी मेजबानी की। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इस संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इसका आयोजन राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी और राष्ट्रीय डोप जाँच प्रयोगशाला ने किया।




**9. विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना में की गई थी ?**

(A) 8वीं योजना (B) 9वीं योजना
(C) 10वीं योजना (D) 11वीं योजना

**(D)** हाल ही में डॉ. अखिलेश गुप्ता ने विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) के सचिव के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। SERB की स्थापना 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम 2008 के तहत की गई थी। यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्य करता है।



**10. पॉवर्टी एंड शेयर्ड प्रोस्पेरिटी रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की जाती है ?**

(A) विश्व बैंक (B) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(C) विश्व आर्थिक मंच (D) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**(A)** विश्व बैंक की पॉवर्टी एंड शेयर्ड प्रोस्पेरिटी रिपोर्ट वैश्विक गरीबी ओर साझा समृद्धि पर नवीनतम अनुमान प्रदान करती है। यह एक द्विवार्षिक श्रृंखला है जो गरीबी में कमी और साझा समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रीय चुनौती की खोज करती है। इस रिपोर्ट का हालिया संस्करण वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटके की एक असाधारण श्रृंखला के बाद गरीबी के परिदृश्य पर पहला व्यापक रूप प्रदान करता है।

